
हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्जवलकरा
शार्दूलवरवाहना।

नये बस स्टैंड का जगह तय हुई, अब नवनिर्माण की प्रतीक्षा

# बस स्टैण्ड में प्रतिक्षालय का एक हिस्सा हुआ धराशायी, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के गुरु घासीदास बस स्टैण्ड परिसर में स्थित यात्री प्रतिक्षालय भवन के जर्जर होने की खबरें लगातार सामने आती रही। शुक्रवार को यात्री प्रतिक्षालय के सामने का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। आसपास के व्यापारियों और नागरिकों ने बताया कि शाम 7 बजे के आसपास यह हिस्सा गिरा। इस दौरान लोगों की गैरमौजूदगी के चलते बड़ा हादसा टल गया।

बता दें कि अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बनाने के लिए दो साल पहले जिस जगह को रिजेक्ट कर दिया था, अब वहीं पर बस स्टैंड बनाने के लिए मुहर लगा दी गई है। लभराखुर्द (राजिम मोड़ तिराहा) के पास बस स्टैंड के लिए जगह का चिह्नांकन किया गया है। नगर पालिका के सीएमओ अशोक सलामे ने बताया कि शहर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वर्तमान बस स्टैंड में जगह की कमी भी है। लभराखुर्द राजिम मोड़ के पास जगह का चिह्नांकन किया गया है।



### बारिश में कमजोर होती जा रही नींव

पूरे क्षेत्र में इन दिनों अच्छी बारिश हो रही है। तेज बारिश से बस स्टैंड की दीवारें और नींव लगातार कमजोर होती जा रही हैं। हर रोज यहां से करीब 200 बसों का संचालन होता है और सैकड़ों यात्री इसी प्रतीक्षालय के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। स्थिति यह है कि यदि प्रतीक्षालय अचानक गिर गया तो दर्जनों जानें खतरे में पड़ जाएंगी। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन हर बार सिर्फ आश्वासन देकर पल्ला झाड़ लेता है।

## जिले की पुलिस ने जब्त किए गए 5 टन गांजा को जलाकर नष्ट किया



महासमुंद। राष्ट्रव्यापी ड्रग निपटान पखवाड़ा के तहत जिले की पुलिस ने विभिन्न थाना, चौकी में दर्ज 132 प्रकरणों में जब्त 5227.998 किग्रा (5 टन) गांजा को जलाकर नष्ट किया। पुलिस ने नष्टीकरण की कार्रवाई ग्राम मुढ़ेना बालाजी पावर प्लांट में की। जब्त गांजा के मामलों में थाना सिंघोड़ा के 35 प्रकरण, सरायपाली के 32 प्रकरण, खल्लारी के 2 प्रकरण, बलौदा के 4 प्रकरण, पिथौरा के 6 प्रकरण, पटेवा के 3 प्रकरण, सांकरा के 7 प्रकरण, तुमगांव के 1 प्रकरण, महासमुन्द के 6 प्रकरण, बागबाहरा के 5 प्रकरण, तेंदूकोना के 1 प्रकरण, कोमाखान के 14 प्रकरण एवं बसना के 16 प्रकरण शामिल हैं। उक्त 132 प्रकरणों में वर्ष 2012 से वर्ष 2025 के मामले शामिल है।

## तालाब के पास से बाइक चोरी

महासमुंद। तालाब के पास बाइक खड़ी बाइक चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ग्राम शिकारीपाली निवासी नेमीचंद सतनामी पिता तिजाउ सतनामी ने बता कि वह 20 सितंबर को अपने पिताजी के साथ ग्राम भुरकोनी सामान खरीदने गया था। शाम करीबन 4.30 बजे बाजार तालाब के पास अपनी मोटर सायकल सीजी 06 जीके 1714 को खड़ी कर शराब खरीदने वे दोनों शराब भट्टी भुरकोनी गये। जहां से वापस आने पर देखा कि बाइक उक्त जगह पर नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200



## खबर संक्षेप



### मांगी शहरवासियों के लिए खुशहाली

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर के विभिन्न वार्डों के दुर्गा पंडालों में पहुंचकर वहां विराजित माता की पूजा अर्चना कर नगरवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने सेवा समितियों के बीच बैठकर माता सेवा किया। नपाध्यक्ष साहू ने वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 8, 9 एवं 11 पहुंचकर माता के दर्शन किए।

### जिला स्तरीय स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ एवं पोषण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत 17 सितंबर से किया गया है। यह अभियान जिले में 02 अक्टूबर 2025 तक लगातार संचालित होगा। इसी क्रम में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सम्मेलन में टीबी के मरीजों को निक्षय मित्रों के द्वारा पोषण आहार प्रदान किया गया साथ ही इस अभियान के माध्यम से टीबी बीमारी संबंधी समस्याओं की पहचान कर उसके जांच एवं समय पर उपचार सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर सिन्हा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आईएन राव एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डा. विकास चंद्राकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) नीलू धृतलहरे आदि मौजूद रहे।



### बालाजी कॉलेज में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज में गुरुवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्रों और शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूवात कॉलेज के प्राचार्य डा. अंकिता चंद्राकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर उन्होंने फॉर्मेसी के क्षेत्र में फार्मासिस्ट्स की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि फार्मासिस्ट्स न केवल दवाईयों का वितरण करते है, बल्कि वे स्वास्थ्य सेवाओं का एक अहम हिस्सा होते हैं। कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर बनाया गया। दवाई के रूप में उपयोगी औषधि पौधों का रोपण भी छात्रों के द्वारा हर्बल गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक हेमंत चंद्राकर एवं सचिव तारा चंद्राकर एवं प्राचार्य डॉ अंकिता चंद्राकर, डॉ. संजय साहू, उमा चौधरी, निर्मल बंजारे, टोपराम कुर्रे, शीतल साहू एवं सहायक प्राध्यापक डिंपल साहू, गरिमा बघेल, डिगेश्वरी साहू, मुस्कान चौधरी, ऋतिक घृतलहरे, संजय साहू, महिमा साहू, विकास चंद्राकर, भारती सोनकर, अजय यादव, रवि मेहर, डोगेश साहू, नमेश साहू, अभिनव सिंधु साहू आदि मौजूद रहे।

**जायजा : कलेक्टर ने बहुउद्देशीय केंद्रों का किया निरीक्षण**

# योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने ग्रामीणों से रूबरू हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह आज जिले के धनसुली एवं जोरातराई ग्राम पहुंचकर प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन मल्टीपर्पस सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में प्रस्तावित स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से कमार समुदाय एवं अन्य महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इस केंद्र की गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि इन समूहों को विभिन्न आयमूलक कार्यों से जोड़कर न केवल उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि ग्रामीण विकास को भी गति मिलेगी। इसी क्रम में लंगेह ने पोषण माह के तहत आयोजित गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों और माताओं को दी जा रही सेवाओं, पूरक पोषण आहार की उपलब्धता, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्ति सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता आवश्यक है।

कलेक्टर ने ग्राम वासियों से भी संवाद किया और योजनाओं के लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से गांव का भ्रमण कर योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। जनपद सीईओ बीएस मंडावी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय सहित विभागीय अमला मौजूद थे।



**रैताल में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं**

बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रैताल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने चौपाल लगाकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर जनपद सीईओ एमएल मंडावी एवं पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन फॉर्चून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द प्रांगण में हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रमुख निरंजन साहू एवं राकेश साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत, खेलकूद प्रतियोगिता प्रमुख रहे। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रश्मि साहू, शिक्षकगण लक्ष्मी प्रिया साहू, भूमिका यादव, पार्वती ठाकुर, ललिता साहू, वर्षा चक्रधारी, लोकनाथ घृतलहरे, जगेंद्र तांडे, कर्मचारीगण ललिता नागेश, धनेश्वरी नागेश, देवकी यादव एवं सभी सहयोगी की सराहनीय उपस्थिति रही। अंत में विद्यार्थियों ने अरपा पैरी के धार जैसे लोकगीतों से वातावरण को छत्तीसगढ़ी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### सीईओ ने ली जनपद पंचायत पिथौरा में योजनाओं की समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** पंचायत पिथौरा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र शामिल हुए। इसके अलावा सीईओ नंदनवार ने ग्राम पंचायत, स्कूल आदि का निरीक्षण किया। बैठक में मोर गांव-मोर पानी महाअभियान और युक्त धारा पोर्टल के माध्यम से प्रस्तावित कार्यों की योजना तैयार करने तथा प्राथमिकता क्रम तय कर 2 अक्टूबर को होने वाली ग्राम सभाओं में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीईओ नंदनवार ने स्पष्ट किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में लिए जाने वाले कार्यों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने समस्त तकनीकी सहायकों को पांच दिवस के भीतर विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायकों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्वयन से ग्रामीण अंचल में विकास की गति तेज होगी।



### नवरात्रि पर वृंदावन में रंगारंग कार्यक्रम हुए आयोजित

**महासमुंद।** वृंदावन विद्यालय में नवरात्रि पर्व पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री तथा सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में माता दुर्गा के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर व माता दुर्गा की आरती से की गई। इसके पश्चात छात्रों द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों की व जंवारा की झांकी व नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उपरांत उद्बोधन में शाला की संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने नव रूपों के महत्व के बारे में संक्षिप्त जनकारी दी। कार्यक्रम का संचालन इंदु मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## पेड़ लगाना माताओं व प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीकः प्रो. करुणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे एवं योगेश्वर राजू सिन्हा अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति महाविद्यालय विधायक के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसबी कुमार प्राचार्य शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद रहे। प्रो. करुणा दुबे ने सभी को कहा कि एक पेड़ मां के नाम 2.0 एक सुंदर पहल है जो माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम को दर्शाता है। इस पहल से हम माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान कर सकते हैं। पेड़ लगाने से वायु शुद्धिकरण, जल चक्र और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है, और यह माताओं के लिए एक स्थायी विरासत भी बनाता है। इस पहल को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना और प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मुख्य अतिथि एसबी कुमार ने कहा कि पौधरोपण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है जो हमारे पर्यावरण और जीवन को कई तरह से प्रभावित करती है। इसके मुख्य लाभ हैं वायु शुद्धिकरण, जल चक्र में भूमिका, मिट्टी का संरक्षण, जैव विविधता को बढ़ावा और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होना।



**इनकी मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम**

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो एवं विभागाध्यक्ष राजनीति, डॉ नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, प्राध्यापक, डॉ. आरके अग्रवाल, मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकी, डॉ. ईपी चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी, मनबोध चौहान, सरस्वती सेठ, डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप बढ़ाई, डॉ जगदीश सत्यम, मुकेश साहू, प्रकाशमणि साहू, अंकिता साहू महाविद्यालय अधिकारी एवं कर्मचारी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा चित्रकला में मीना व झरना रही अव्वल

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत डाइट प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान एवं के सिंग के मार्गदर्शन में संस्था के साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राध्यापकों ने अपनी कलाकृतियों को ड्राईंग सीट में उकेरते हुए चित्रकला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में छात्र परिषद प्रमुख मीना ठाकुर एवं झरना साहू ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार भारती कालसा, तनूजा ध्रुव द्वितीय एवं रुपाली साहू अनिकेत कंवर, सरिता पटेल, मीरा साहू ने तृतीय स्थान अर्जित किया। नारा लेखन में राज ठाकुर एवं सरिता पटेल ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान बनाया।

साहित्यिक प्रभारी टेकराम सेन के मार्गदर्शन में छात्राध्यापकों द्वारा कविता लेखन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में दामिनी साहू एवं भूमिका साहू ने प्रथम अनुज नायक, भारती कालसा द्वितीय एवं दिव्या पटेल एवं गुंजा साहू ने तृतीय स्थान बनाया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से छात्राध्यापकों का प्रस्तुतिकरण अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से अभिव्यक्ति क्षमता का विकासहोता है। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, संतोष साहू, तिलोत्मा प्रधान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, आकांक्षा साहू, गरिमा राजपूत, मीना साहू ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए छात्राध्यापकों को सृजनात्मक के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ व्याख्याता संतोष साहू ने बताया कि सभी छात्राध्यापकों द्वारा निबंध लेखन आयोजित हुआ। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्रामों में विविध गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद।** जिला महासमुंद में सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत प्रतिनिधियों को उन्मुखीकरण के माध्यम से ग्राम विकास योजना बनाने तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य विभागों द्वारा अपने योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आज जिले के समस्त विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें पशु उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, कृमिनाशक दवा पान कृत्रिम गर्भाधान कार्य संपादित किये गये। पशुपालकों को दुधारू पशुओं को अधिक उत्पादन के लिए संतुलित पशु आहार एवं हरा चारा खिलाने के संबंध में जानकारी दी गई। गौवंशीय एवं भैंस वंशी पशुओं में मादा वत्स प्राप्त करने हेतु कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से सेक्स सॉर्टेड सीमेन का उपयोग अपने पशुओं को गर्भधारण हेतु करने की सलाह दी गई। अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ पशुपालकों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसी तरह उद्यानिकी विभाग द्वारा महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम बोड़रा, कुर्राभाठा, सलिहाभाठा, पथर्री, डूमरपाली, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भदरसी, बीके बाहरा, भीमखोज, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बनडबरी, ग्राम कुसमुर, पतेरापाली, पिथौरा अंतर्गत डूमरपाली, धनोरा, सरायपाली अंतर्गत गाम खैरमाल में आंवला, अमरूद, कटहल, जामुन, करौंदा, अशोक, नींबू, बेल, आम, तेजपत्ता, खम्हार एवं सीरिश के 2500 फलदार पौध का वितरण किया गया।



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में डॉ. ई पी चेलक एनईपी संयोजक डॉ. रीता पांडेय सहसंयोजक अजय कुमार राजा मास्टर ट्रेनर डॉ अजय कुमार देवांगन सदस्य के संयोजन में 25 सितंबर को एकदिवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान अनुसार सीआईए के अंतर्गत असाइनमेंट से संबंधित एवं महाविद्यालय में पदस्थ शिक्षकों के द्वारा माहवार संधारित किए जाने दैनंदिनी हेतु दिशा निर्देश के मानक प्रारूप से अवगत कराना था। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24 सितंबर को एन.ई.पी. संयोजक एवं मास्टर ट्रेनर को दिए गए प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी से महाविद्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया था। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उचित क्रियान्वयन की जिम्मेदारी पूरे महाविद्यालय की है। सभी को इसका अध्ययन समुचित रूप से भली भांति कर उसका पालन करना सुनिश्चित किया जाना है। विद्यार्थियों को समय-समय पर काउंसलिंग कर उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य से अवगत कराना है। डॉ.ई पी चेलक द्वारा रेगुलर एवं प्राइवेट विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के रिकॉर्ड के संधारण हेतु संकायवार प्रभारी की नियुक्ति की जानकारी दी गई। अजय कुमार राजा द्वारा महाविद्यालय में दिए जाने वाले प्रवेश में क्रेडिट एवं कंटीन्यूअस आंतरिक मूल्यांकन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ रीता पांडेय द्वारा कंटीन्यूअस आंतरिक मूल्यांकन में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले विषय उसके स्वरूप एवं मार्गदर्शन संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण डॉ. मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, मनीराम धीवर, आशुतोष पुरी गोस्वामी, डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय, जगदीश सत्यम, दिलीप बढ़ई, मुकेश कुमार साहू, कुंदन देवांगन अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### नवरात्रि पर चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान नवरात्रि पर्व पर चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ किया गया। तुमगांव रोड स्थित सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में पांच दिवसीय मां दुर्गा मां सरस्वती मां लक्ष्मी की जीवंत झांकी मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पार्षद देवीचंद राठी, राहुल आवडे, शरद मराठा प्रोफेसर रवि देवांगन विशेष रुप से झांकी का अवलोकन करने पहुंचे। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने चैतन्य देवियों की झांकी बिठाने का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश देना कि हर महीला अपने भीतर की दिव्यता को पहचान कर एक श्रेष्ठ जीवन जी सकतीं हैं, ध्वनि और प्रकाश कि सुंदर समायोजन में ब्रह्माकुमारी बहनें राजयोग ध्यान तपस्या और एकाग्रता के बल से ऐसे विराजमान होती है मानों साक्षात तीनों देवियां इस धरा पर उतर आई हो और अपने भक्तों और श्रद्धालुओं को अपनी शीतल दृष्टि और वरदानी से इस घोर कलयुग के दुःख अशांति और मनोविकारों से मुक्ति दिला रही हो।



### बस्ती पारा में 36 वर्षों से विराजित हो रही है मां दुर्गा

**महासमुंद।** खरोरा गुड़ी-चौक बस्ती पारा में पिछले 36 वर्षों से सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति खरोरा द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जा रही है। इस वर्ष मां दुर्गा के साथ-साथ मां सरस्वती और मां लक्ष्मी इन तीनों की मूर्तियां स्थापित की गई है। इस वर्ष समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि सहयोग राशि स्वेच्छा से ली जाएगी। किसी के यहां चंदा काटने नहीं जाया जाएगा और जो भी इस उत्सव के कार्यक्रम में सहयोग करना चाहते हैं वे स्वयं मां के पंडाल पे आकर अपना सहयोग राशि प्रदान करेंगे। इस पहल का समस्त ग्रामवासियों ने सराहना की हैं, और साहसिक कदम बताया है। गांव में उत्सव का माहौल है। इस बार आयोजन में दो लाख पचास हजार का बचत अनुमानित है। लोगों का लगातार इस कार्यक्रम में सहयोग प्राप्त होते जा रहा हैं। लोग स्वयं आकर अपनी सहयोग राशि जमा करवा रहे है और एक अपने-पन का भाव गांव खरोरा में देखने को मिल रहा है। जहां लोग इस आयोजन के लिए स्वेच्छा से बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष पंकज चंद्राकर ने बताया कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 29 सितंबर को फिल्म स्टार गायिका तारा साहू की जगराता रंग- तरंग का आयोजन गुड़ी-चौक में रखा गया है, जो शाम 7 बजे से प्रारंभ होगी। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी मुकेश चंद्राकर द्वारा दी गई।

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला प्रभारी एवं ट्राइफेड के रीजनल मैनेजर ने किया ग्रामों का दौरा

**महासमुंद।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला प्रभारी एवं ट्राइफेड के रीजनल मैनेजर प्रभाकर खदाने ने गुरुवार को महासमुंद विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम स्तर के मास्टर ट्रेनर, ग्राम नोडल अधिकारी, आदि साथी एवं सहयोगियों से मिलकर गांवों के विकास हेतु बनाए जा रहे विलेज एक्शन प्लान पर विस्तार से चर्चा की। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में धरती आबा योजना अंतर्गत चयनित सभी 308 ग्रामों में अभियान चलाया जा रहा है। गांव के समग्र विकास हेतु विलेज एक्शन प्लान बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। इसकी वास्तविक स्थिति जानने के लिए खदाने को जिले का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी खदाने ने परसाडीह, लहंगर, खमतराई एवं अमलोर ग्राम का दौरा कर ग्रामवासियों से चर्चा की और सचिव-सरपंच को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विलेज एक्शन प्लान ऐसा होना चाहिए जिससे वर्ष 2030 तक गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित हो सकें। एक्शन प्लान एक स्थायी दस्तावेज की तरह है, जिसके जरिए गांवों के सतत विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इसमें मूलभूत आवश्यकताओं के साथ रोजगार उन्मुख प्रावधान भी शामिल किए जाएं ताकि ग्रामीणों का पलायन रोका जा सके।

# जल संचय जन भागीदारी अभियान अंतर्गत जिले को राष्ट्रीय स्तर पर मिली बड़ी उपलब्धि

## जोन-2, कैटेगरी-2 में प्रथम स्थान, जिला प्रशासन को मिलेगा एक करोड़ रुपए का नगद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जल संरक्षण की दिशा में जिले ने एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 के तहत जिले ने जोन-2 की कैटेगरी-2 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर भारत सरकार द्वारा जिला प्रशासन को एक करोड़ रुपए का नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जल संचय जनभागीदारी अभियान 2.0 जल शक्ति अभियान का अहम हिस्सा है। इसका मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना और वर्षा जल को सहेजना है। इसमें सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित किया गया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग से यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले सका। जिले में मोर गांव-मोर पानी पहल को गति दी गई, जिसके अंतर्गत सोख्ता गड्ढा, इंटेकवेल रिचार्ज, रूफटॉप हार्वेस्टिंग और अन्य नवाचारों को अपनाकर जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि और जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना है। प्रधानमंत्री के संकल्प अनुरूप यह पहल पूरी तरह जनसहभागिता आधारित है।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अजय खरे ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, नगरीय निकाय, राजस्व विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों ने मिलकर इस अभियान को धरातल पर उतारा। जिले में कुल 35,182 जल संरचनाओं का निर्माण किया गया। इनसे वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण और भूजल पुनर्भरण संभव हुआ। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत अब तक जनभागीदारी से कुल 05 हजार सोख्ता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है और तेजी से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही 125 इंजेक्शन वेल के माध्यम से भूमिगत जल का पुनर्भरण किया जा रहा है। जनभागीदारी से जनपद पंचायतों द्वारा कुल 1839 सोकपिट का निर्माण किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत महासमुंद में 269, बागबाहरा में 352, पिथौरा में 451, बसना में 282 एवं जनपद पंचायत सरायपाली में 485 सोकपिट तैयार किया गया है। इसी तरह 25 बोरवेल रिचार्ज किया है। जिसमें जनपद पंचायत महासमुंद में 13, बागबाहरा में 07, पिथौरा में 03, बसना में 12 एवं जनपद पंचायत सरायपाली में 13 इंजेक्शन वेल का पुनर्भरण किया गया। अन्य जल संरक्षण कार्य अंतर्गत 785 कार्य जनपद पंचायतों द्वारा किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत महासमुंद में 111, बागबाहरा में 269, पिथौरा में 137, बसना में 111 एवं जनपद पंचायत सरायपाली में 157 कार्य किया गया है। इसके अलावा शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी सोख्ता गड्ढे और इंजेक्शन वेल का निर्माण किया गया है।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को वितरित किए गए साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बम्हनी में सरस्वती सायकिल योजनांतर्गत प्राप्त साइकिलों को संस्था में अध्ययनरत कक्षा नवमीं की नवीन छात्राओं को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रूपा घनश्याम ध्रुव सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ पुराणिक साहू, डॉ गोवर्धन साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के 52 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य जीएस कागजी, व्याख्याता दिनेश्वरी ध्रुव, वंदना शुक्ला, सविता गायकवाड़, मधुलिका यादव, आशा कोसरिया, मीनाक्षी पांडेय, कुंती पटेल, अनिता जांगड़े, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, नीलम सिन्हा, पेमेश्वरी साहू, डेनिस चंद्राकर, अभिजीत ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पर संगोष्ठी

**महासमुंद।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा महासमुंद जिला स्वास्थ्य समिति, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 चलाया जा रहा है। जिला पंचायत सभा गृह महासमुंद में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, बीपी, शुगर जांच, गर्भवती जांच, किशोरी बालिका जांच परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य, नशापान, कैंसर की पहचान, टीबी जांच एवं पोषण आहार वितरण, एचआईवी जांच परामर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भीखम सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जोगेश्वर जुगनू चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, विजय लक्ष्मी जांगड़े जनपद सदस्य एवं डॉ आई नागेश्वर राव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ विकास चंद्राकर बीएमओ, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, डॉ ज्योति साहू गायनकोलॉजिस्ट, डॉ घनश्याम साहू, समाज सेवी तारिणी चंद्राकर एवं समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, महिला बाल विकास विभाग व मितानिन शामिल हुए।

### महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता बेहाल

**पिथौरा (ग्रामीण)।** कांग्रेस जिला



मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश की जनता आज दोहरी मार झेल रही है1 एक ओर बेरोजगारी तो दूसरी ओर बेतहाशा बढ़ती महंगाई। आर्थिक मोर्चे पर भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। जांगडे ने कहा कि सरकार की नीतियों ने 81 करोड़ लोगों को गरीब बना दिया है और आज जनता 5 किलो राशन की लाइन में खड़ी है। जांगड़े का आरोप है कि भाजपा सरकार केवल अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचा रही है, जबकि आम जनता को हर रोज़ नए करों और शुल्कों से लूटा जा रहा है। रेलवे की टिकटों से लेकर स्कूल-कॉलेजों की फीस और बैंक सेवा शुल्क तक सबकुछ कई गुना बढ़ चुका है। कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना को खत्म कर दिया, जिससे हर घरेलू उपभोक्ता पर औसतन दोगुना बिजली बिल का बोझ बढ़ गया है।





**नवरात्रि :** पुराना बस स्टैंड समिति के दुर्गा पंडाल में बस्तर थीम पर आधारित झांकी देखने पहुंच रहे लोग

# दुर्गोत्सव की धूम, झांकियां और प्रतिमाएं बनीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव की रौनक है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाएं और उनके साथ सजी मनमोहक झांकियां भक्तों को खूब आकर्षित कर रही हैं। नगर के दादा बाड़ा पुराना बस स्टैंड समिति द्वारा बनाया गया पंडाल जिसे बस्तर की कला और संस्कृति पर आधारित बस्तर थीम में तैयार किया गया है। यहां (चलित) झांकियां भी देखने को मिल रही हैं।

इसी तरह, अंबेडकर चौक पर काशी-प्रयागराज की थीम पर आधारित झांकियां और हनुमान जी की विशाल प्रतिमाएं भक्तों का ध्यान खींच रही हैं। गांधी चौक स्थित श्री राम मंदिर में माता दुर्गा के 21 विभिन्न रूपों को दर्शाया गया है, जिन्हें देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में सजी इन झांकियों और प्रतिमाओं ने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना दिया है।

### मां शारदा मंदिर में भक्ति का माहौल

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र के पर्व पर नगर के शक्तिपीठों के साथ ही



तुमगांव रोड स्थित मां शारदा शक्तिपीठ में भी इस बार नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास, आस्था व विश्वास से बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर को आकर्षक विद्युत झालर और तोरण द्वार से सजाया गया है। प्रतिदिन माता का विशेष श्रृंगार भक्तों व श्रद्धालुओं के द्वारा किया जा रहा है। शाम होते ही मंदिर में भक्तों की भीड़ लग रही है। वहीं जसगीतों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मां के दर्शन करने लोग मंदिरों में पहुंच रहे हैं और अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए मन्नतें भी मांग रहे हैं। मां शारदा शक्तिपीठ मंदिर में इस बार 180 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। वहीं नवमी पर कन्या भोज के साथ आम भंडारा का आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी मंदिर के पुजारी पंडित श्रवण द्विवेदी ने दी है।



### पंचमी पर मां दुर्गा का सोलह श्रृंगार

**अरंड (पिथौरा)।** पंचमी के मौके पर मां दुर्गा का सोलह श्रृंगार किया गया। उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा मूर्ति विराजित प्रतिमा एवं ज्योति कलश मां दुर्गा के स्थान में एवं जावरा ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल उप सरपंच युवराज पटेल, महाराज खूबचंद दुबे, गांव के बैगा विश्वनाथ ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, गंगाधर निर्मलकर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, प्रीतम सिंह पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, अजय पटेल, राम अवतार ध्रुव, दिनेश दुबे, दीपक ध्रुव, रूपेंद्र निर्मलकर, देवानंद पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, मूर्तिकार अजय कुमार ध्रुव मौजूद थे।

### मां दुर्गा की आराधना में जुटे श्रद्धालु



**महासमुंद।** सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति बस्ती पारा ग्राम खरोरा में शारदीय नवरात्र पंचमी पर्व पर माता दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। जिसमें शिक्षक जितेंद्र चंद्राकर, पंच गायत्री चंद्राकर, कीर्ति चंद्राकर पूजा चंद्राकर, झमना चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर ने कहा ग्राम खरोरा के गुडी चौक में माता दुर्गा की विराजित मां के दरबार में उमड़ा रोज भक्तों का उत्सव बढ़ा रहे है। ग्राम खरोरा में तीन जगह माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई जिससे एकता और भाईचारा का संदेश दिया जा रहा है। सभी ग्रामवासी ने शाम 7 बजे एकत्रित होकर माता दुर्गा की आरती करते हैं।

# भाजपा जिला कार्यालय में जीएसटी रिफॉर्म एवं सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला संपन्न






हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद के तत्वावधान में कल जिला कार्यालय में जीएसटी रिफॉर्म एवं सेवा पखवाड़ा को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को जीएसटी सुधारों से जनता को होने वाले लाभ की जानकारी देना तथा सेवा पखवाड़ा के माध्यम से जिले में सभी विधानसभा में चिकित्सा के क्षेत्र में एवं जन सेवा के लिए अनेक कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के द्वारा चलाए जा रहे हैं संगठन की सेवा भावना को और व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाना रहा।

बैठक का मार्गदर्शन प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय, वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, महासमुंद विधायक राजू सिन्हा तथा कृषि बोर्ड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लागू किए गए जीएसटी सुधार कर ऐतिहासिक फैसला लिया गया है जिससे आम जनता को काफी लाभ प्राप्त होगा जीएसटी सुधार से कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारियों और किसानों को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूनम चंद्राकर, विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत गोल्डी, राकेश चंद्राकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश चौधरी, प्रदीप चंद्राकर, पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, अलका चंद्राकर, मोनिका साहू जीएसटी के जिला संयोजक हेमंत तिवारी सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक प्रकाश शर्मा सहित जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यशाला में वक्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि इस अवधि के दौरान भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न सामाजिक और जनसेवा गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इसमें स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, रक्तदान शिविर और समाज के वंचित वर्गों तक सहायता पहुंचाने जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी।

अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे तथा सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# कछारडीह में वार्षिक आम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कछारडीह में वार्षिक आम सभा 2025-26 का आयोजन शनिवार को किया गया। आम सभा में प्राधिकृत अध्यक्ष हलधर प्रसाद चंद्राकर एवं कृषक गण उपस्थित में समिति प्रभारी धनेश्वर साहू ने 2025-26 का आय व्यय वार्षिक आम सभा में ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसमें समिति में पंजीकृत किसानों की संख्या ऋण वितरण खाद बीज कीटनाशक दवाई वितरण राशन सामग्री धान खरीदी किसानों को राशि का भुगतान आदि की संपूर्ण जानकारी दी। समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष हलधर चंद्राकर ने कहा कि समिति शासन की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का माध्यम बताया। इसी तरह किसानों को माइक्रो एटीएम मशीन से राशि जमा व निकासी कर सकते हैं। इस दौरान अलखराम साहू, हिरऊराम, जेहरूराम, थानूराम, सुखदेव, मखियार, गंगूराम, पूनाराम, धनसिंह, रमेश चंद्राकर, ललित ठाकुर एवं समिति प्रभारी धनेश्वर साहू, मोहित ध्रुव, धर्मेंद्र समेत समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक ने बिरकोनी में 95 छात्राओं को साइकिल वितरण किया

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत 95 छात्राओं को साइकिल का वितरित किया।




### स्वच्छता को करें अपनी आदत में शुमार: हेमंत

**पिथौरा।** स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कसहीबहरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कसहीबाहरा में स्वच्छता संदेश हेतु प्रभात फेरी निकाली गई। इस स्वच्छता संदेश रैली के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को जन समुदाय तक पहुंचाया गया। इस दरमियान स्कूली बच्चों ने समाज को स्वच्छता का संदेश देते हुए एक कदम स्वच्छता की ओर, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत जैसे गगनचुंबी नारे लगाये। रैली उपरांत ग्राम कसाहीबाहरा के हृदयस्थल पर निर्मित राधा कृष्ण के भव्य मंदिर के पास सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साफ-सुथरा वातावरण ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। इसलिए स्वच्छता को अपनी आदत में शुमार करें। शासकीय प्राथमिक शाला के हेड मास्टर हितेश पटेल ने कहा कि स्वच्छता का अर्थ केवल घर - द्वार की सफाई तक ही निहित नहीं है बल्कि यह हमारे जीवन, स्वास्थ्य और समाज से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विषय है। सभा को संस्था की शिक्षिका तबस्सुम शेख, शिक्षकगण दिलीप कुमार पटेल, संतोष कुमार साहू व घनश्याम ठाकुर ने भी स्वच्छता पर जोर देते हुए अपने आसपास की सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा पर्यावरणीय स्वच्छता हेतु लोगों से अपील की।

# शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, कतिपय राजनीतिक दबाव में नही हो पा रही वैधानिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

शिक्षा विभाग एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पिथौरा विकासखंड के शासकीय शिक्षक दिनेश कुमार प्रधान द्वारा वर्ष 2022 में स्थानांतरण आदेश में हेरफेर कर फर्जी तरीके से प्रधान पाठक का पद हासिल करने का गंभीर मामला सुर्खियों में है। विभागीय जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद 14 जून 2025 को उनकी पदोन्नति रद्द कर दी गई, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि अब तक संबंधित शिक्षक के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। दिनेश कुमार प्रधान ने वर्ष 2010 में गंभीर बीमारी का हवाला देकर निजी व्यय पर अपना स्थानांतरण पितईपाली (बसना) से पिथौरा विकासखंड के श्रीरामपुर स्कूल में कराया था। नियमों के अनुसार, ऐसे स्थानांतरण में शिक्षक की वरिष्ठता समाप्त हो जाती है। इसके बावजूद, 2022 में पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान उन्होंने अपने स्थानांतरण आदेश में हेरफेर किया। उन्होंने आदेश से ₹चिकित्सा कारण₹ हटाकर उसकी जगह ₹प्रशासनिक कारण₹ जोड़ दिया और इस फर्जी दस्तावेज़ के आधार पर प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति हासिल कर अपने गृह ग्राम खैरखुटा में पदस्थापित हो गए। शिकायत के बाद विभागीय




जांच प्रतिवेदन में दस्तावेज़ों में हेरफेर कर पदोन्नति लेने की बात स्पष्ट रूप से साबित हो चुकी है। इसी के चलते 14 जून 2025 को शिक्षा विभाग ने उनकी पदोन्नति को शून्य घोषित कर दिया और उन्हें वापस श्रीरामपुर शाला भेज दिया गया।

### हाईकोर्ट में भी उठी गूंज

इस पूरे प्रकरण को लेकर शिक्षक दिनेश कुमार प्रधान ने हाईकोर्ट, बिलासपुर में याचिका भी दायर की थी। लेकिन 25 जुलाई 2025 को सुनवाई के दौरान, उनके अधिवक्ता ने कोर्ट को सूचित किया कि पदोन्नति आदेश पहले ही रद्द हो चुका है और याचिकाकर्ता अब इस आदेश को चुनौती नहीं देना चाहते। इसके परिणाम स्वरूप हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी और उन्हें भविष्य में 14 जून 2025 के आदेश के खिलाफ कानून का सहारा लेने की स्वतंत्रता भी दी।

### राजनीतिक दबाव में दबी फाइल

सबसे बड़ा और अहम सवाल यही है कि जब दस्तावेजों में हेरफेर और फर्जीवाड़ा स्पष्ट रूप से साबित हो चुका है, तो संबंधित शिक्षक पर अब तक कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? जबकि फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर लाभ उठाना कानूनन अपराध है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है और राजनीतिक दबाव के चलते एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई अटकी हुई है। जिससे शिक्षा विभाग सवालों के घेरे में है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डडसेना ने कहा कि उन्हें उच्च अधिकारियों से प्राथमिकी दर्ज कराने का कोई निर्देश नहीं आया है। मामले में पक्ष लेने के लिए कॉल करने पर डीईओ विजय लहरे ने फोन रिसीव नहीं किया।



### राहुल बने स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि

**पिथौरा (ग्रामीण)।** खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पिथौरा विकासखंड के स्वास्थ्य विभाग हेतु राहुल आजमानी को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में विधायक ने खंड चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी किया है। अनुशंसा पत्र में उल्लेख किया गया है कि राहुल आजमानी पिता मंजीत सिंह आजमानी निवासी वार्ड क्रमांक 14 पिथौरा को स्वास्थ्य संबंधी कार्यों और विभागीय गतिविधियों में विधायक प्रतिनिधि के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही विधायक ने आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया है। नियुक्ति मिलने के बाद राहुल आजमानी ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य विभाग में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विधायक यादव ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व सौंपा है, उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दूंगा। इस अवसर पर भूपेंद्र ठाकुर, मंता यादव, लोकेश दीवान और लोकेश उइके विशेष रूप से शामिल थे। सभी ने राहुल आजमानी को नई जिम्मेदारी मिलने पर जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

# सरायपाली में आज होगा डॉ. शुभ्रा डड़सेना स्मृति शिक्षक सम्मान समारोह

**सरायपाली(ग्रामीण)।** सरायपाली नगर में शिक्षा और समाजसेवा को समर्पित एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। स्व. डॉ. शुभ्रा डड़सेना स्मृति शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आज 28 अगस्त को स्थानीय कृष्णा पैलेस में किया जाएगा। इस आयोजन की मेजबानी छत्तीसगढ़ चौहान सेना कर रही है।

कार्यक्रम में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के चुनिंदा 51 शिक्षकों को उनके निष्ठा, परिश्रम और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह उन शिक्षकों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत होगा, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर सरायपाली की विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी और अपने हाथों से सभी शिक्षकों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करेंगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। आयोजक संस्था छत्तीसगढ़ चौहान सेना के कार्यकारी अध्यक्ष उदय चौहान और कार्यकर्ता घुराऊ चौहान, कैलाश तांडी ने बताया कि यह कार्यक्रम स्व. डॉ. शुभ्रा डड़सेना की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा और समाजहित के लिए निरंतर कार्य किया था। उनके आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास इस सम्मान समारोह के माध्यम से किया जा रहा है। समारोह को लेकर आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को सम्मान देकर समाज में शिक्षा की महत्ता को और अधिक मजबूत करना है। आयोजक संस्था छत्तीसगढ़ चौहान सेना के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील क्षेत्रवासियों से की है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आमसभा आज

**महासमुंद।** महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित महासमुंद की वार्षिक आमसभा 29 सितंबर को सुबह 11 बजे होटल अकाशिया, स्टेशन रोड, महासमुंद में आयोजित की गई है। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार दवे ने जानकारी दी है कि सभी सदस्यों को डाक के माध्यम से सूचना प्रेषित करते हुए सभी सदस्यों से आमसभा में शामिल होने की अपील की गई है।

### जनसंपर्क में सक्रिय मोक्ष प्रधान, लोकप्रियता में निरंतर बढ़ोतरी

**बसना।** जिला पंचायत सदस्य मोक्ष



कुमार प्रधान इन दिनों लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में उनकी सक्रियता को लेकर जनता के बीच सकारात्मक चर्चा है। लोग उन्हें भविष्य के एक सक्रिय और प्रभावशाली नेता के रूप में देख रहे हैं। मोक्ष कुमार प्रधान किसानों, युवाओं और स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं। वे गांवों से लेकर शहर तक लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को गहराई से समझने और समाधान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रधान युवाओं और किसानों के मुद्दों को गंभीरता से उठाते हैं और हर वक्त उनके लिए खड़े रहते हैं। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। कांग्रेस खेमे में भी मोक्ष कुमार प्रधान की सक्रिय भागीदारी को संगठन के लिए एक मज़बूत कड़ी माना जा रहा है। विशेष सूत्रों से पता चला है कि बड़े खेमे में मोक्ष कुमार प्रधान के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकता कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं। मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा, "जनता मेरे लिए परिवार की तरह है, और में हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। " हर किसी के सुख और दुःख में साथ रहता हूं और हमेशा रहूंगा।

### हितेश स्वर्णकार का निधन

**महासमुंद।** स्थानीय इमलीभाठा निवासी हितेश स्वर्णकार (सोनू) 40 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड मुक्तिधाम किया गया। वे हेमलाल स्वर्णकार के सुपुत्र व मनोज स्वर्णकार के अनुज थे।


### पंचमी पर की गई विशेष पूजा अर्चना

**महासमुंद।** बागबाहरा विकास खंड के ग्राम टोंगोपानी कला में फ्रेंड्स युवा संगठन समिति बड़ चौक एवं ग्रामवासियों ने मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर पंचमी के मौके पर श्रृंगार किया।

# नपा अध्यक्ष के प्रयास से तीन स्थानों पर एसटीपी स्थापित करने मिली स्वीकृति

## अध्यक्ष साहू ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए राशि जारी करने मंत्री से की थी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर के 3 स्थानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शीघ्र स्थापित किए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के भगीरथ प्रयास से एसटीपी स्थापित करने 12.67 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इस प्लांट की महत्ता तथा शहर की आवश्यकताओं की ओर साहू ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का ध्यान आकृष्ट कराया था। उन्होंने इसके लिए राशि जारी करने का निवेदन मंत्री से किया था।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के सतत प्रयास एवं परिषद के सहयोग से नगरवासियों के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। नगर सीमा के अंतर्गत कुल 12 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से तीन एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित किए जाने की स्वीकृति मिली है। इन एसटीपी प्लांटों का निर्माण क्रमशः खरोरा रोड, बंधवा तालाब एवं परसकोल रोड स्थित शासकीय भूमि पर किया जाएगा। इस परियोजना से नगर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा अपशिष्ट जल प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी और नगरवासियों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। शहर से निकलने वाले गंदे पानी का प्रबंधन कर शहर वासियों के निस्तारी के लिए उपयोग होगा। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए नगरपालिका अध्यक्ष साहू ने उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है। अध्यक्ष साहू ने कहा, नगर का विकास करना हमारी प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है, इसलिए, नगर विकास की योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है।

### एसटीपी प्लांट से नगरवासियों को लाभ

नालों से निकलने वाले गंदे पानी को यह प्लांट साफ करके पर्यावरण अनुकूल बनाएगा। तालाबों और नालियों में प्रदूषण कम होगा। दूषित जल से फैलने वाली बीमारियों पर रोक लगेगी, जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ेगी। उपचारित जल का उपयोग पार्कों, बागवानी और सिंचाई कार्यों में किया जा सकेगा। स्वच्छ और हरित वातावरण से नगर की सुंदरता एवं छवि में सुधार होगा।

### झेरिया समाज अध्यक्ष का दौरा आज

**तेंदूकोना।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव



समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव आज जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य स्व गैतराम यादव के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे एवं महासमुंद संगठन के सामाजिक पदाधिकारियों सदस्य गण से सामाजिक विषयों पर चर्चा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यादव का 10 बजे भिलाई से प्रस्थान, 12 बजे लभरा सर्किट हाऊस, 1 बजे बागबाहरा विश्राम भवन में जिला पदाधिकारियों व परिक्षेत्र पदाधिकारियो की बैठक लेंगे, जिसमें अनेक एजेंडा सामाजिक एकता संगठन को मजबूती करने व समाज विकास के संबंध व सामाजिक चर्चा के पश्चात दोपहर 3 बजे कोमाखान श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद व पतित यादव जिला मीडिया प्रभारी ने दी है।



### नर्रा समिति की वार्षिक आमसभा हुई

**नर्रा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नर्रा में 25 सितंबर को 2025 वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में सभापति के रूप में तिलकराम सिन्हा, प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक, लोचन पटेल, अध्यक्ष एवं शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कोमाखान उपस्थित रहे। वार्षिक आम सभा में समिति के द्वारा कृषकों के समक्ष आय-व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया इस दौरान शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने आम सभा में उपस्थित कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज में ऋण वितरण माइक्रो एटीएम के माध्यम से राशी जमा व निकासी सीएससी के द्वारा बिजली बिल का भूगतान मोबाइल रिचार्ज इत्यादि सुविधा कृषकों उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान जगदीश पटेल, तिलकराम सिन्हा, पुनऊ राम धुव, बालमुकुंद निषाद, डी कुमार चौरे, रतन पटेल, पवन निषाद, नंदकुमार, हीराराम, समिति के कर्मचारी समिति प्रबंधक नाथूराम कुर्रे, चेतनलाल साहू, सदाराम पटेल, उमेश पटेल, मिलाप विश्वकर्मा के अलावा किसान उपस्थित रहे।



### बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अमोरी में लगा शिविर

**महासमुंद।** पोषण माह के अंतर्गत सेक्टर झलप के ग्राम अमोरी में मोटापे की रोकथाम एवं कुपोषण उन्मूलन विषय पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई तथा उपस्थित महिलाओं को पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं सहायता हेतु 1098 टोल फ्री नंबर की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापी गई। विशेषज्ञों ने उपस्थित महिला एवं पुरुषों को बताया कि कम वजन व कम ऊंचाई कुपोषण के संकेत हैं, जिससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं अधिक वजन और मोटापे से भी स्वास्थ्य पर गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर मोटापे को नियंत्रित करने के उपाय एवं संतुलित आहार संबंधी सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में पौष्टिक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। ग्राम अमोरी की आंगनबाड़ी में प्रतिदिन 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थिति को देखते हुए कलेक्टर द्वारा केंद्र को उपहारस्वरूप अनौपचारिक शिक्षा का बड़ा किट प्रदान किया गया। किट में बच्चों के लिए गिटार, सिंथेसाइजर, जोड़ी मिलाने का खेल, सिल्वर कलर की तलवार एवं जोड़ने वाले बॉक्स जैसी सामग्री सम्मिलित रही। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग से पहुंचे अधिकारियों ने भी जानकारी दी। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी अपर्णा श्रीवास्तव, पर्यवेक्षक लक्ष्मी चंद्राकर, ग्राम के सरपंच नरेंद्र ध्रुव, जनपद प्रतिनिधि योगेश कुमार ठाकुर, पंच दामिनी चंद्राकर, भोजराम पटेल सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ और किशोरियां उपस्थित रहीं।

### आरंभ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किए दुर्गा माता के दर्शन



**महासमुंद।** नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर आरंभ पब्लिक स्कूल महासमुंद के बच्चों ने शहर के विभिन्न पंडालों एवं स्थानों पर विराजमान दुर्गा माता के दर्शन किए। इस भक्ति एवं सांस्कृतिक यात्रा में विद्यालय के डायरेक्टर मिलिंद चंद्राकर स्वयं बच्चों के साथ शामिल रहे और माता रानी से आशीर्वाद लिया बच्चों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की आराधना की तथा उनके अलौकिक स्वरूप और पंडालों में सजावट को देखा। नन्हें बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर मिलिंद चंद्राकर ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में हमारी परंपरा और संस्कृति के प्रति लगाव बढ़ता है और उनमें सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि केवल पूजा का नहीं बल्कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और सामाजिक जुड़ाव का संदेश देने का पर्व है।

### अमनपुरी में कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**नर्रा।** जय ठाकुर देव स्पोटर्स क्लब अमनपुरी के तत्वधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 28 व 29 सितंबर को होगी। इस प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य भगवती राजकुमार ठाकुर, अध्यक्षता सरपंच जलसिंह चक्रधारी करेगें। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लता कुम्हार, जनपद सदस्य पूर्व उपसरपंच भोज चक्रधारी, सरपंच राटापाली पूर्णिमा सोनवानी, हीरालाल नियाल, ओमकार ठाकुर, नागेश्वर यादव, राजू पटेल आदि होगें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवन साहू सरपंच संघ अध्यक्ष बागबाहरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जलसिंह चक्रधारी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंता ठाकुर, जनपद सदस्य लोचन पटेल, भुखन सिन्हा पूर्व सरपंच, प्रभा पटेल सरपंच परकोम, सरपंच खिलेश्वरी सिन्हा खट्टी, उपसरपंच कपूरचंद पांडे परसुली, समिति प्रभारी राजेश पटेल, नाथुराम कुर्रे, कोमल सोम, बिसंबर यादव इत्यादि होंगे। आयोजक समिति के अध्यक्ष तेजराम ठाकुर, उपाध्यक्ष गोवर्धन ठाकुर, संरक्षक कोमल ठाकुर, सचिव पुरन यादव, आदि बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता प्रतिभागी को 12 हजार द्वितीय प्रतिभागी को 8 हजार एवं तृतीय को 4 हजार और चतुर्थ को 3 हजार रुपए पुरस्कृत किया जाएगा।

# जनपद अध्यक्ष ने बांटे पेंशन आदेश, सभी पात्रों तक लाभ पहुंचाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



जनपद पंचायत बागबाहरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा रजत महोत्सव सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सामाजिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीकृत पेंशन हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश सौंपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने हितग्राहियों को पेंशन आदेश प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर यह आदेश माता रानी के आशीर्वाद के समान है, जिससे लाभार्थियों को भरण-पोषण और जीवनयापन में सहारा मिलेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल 50 या 100 लोगों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राहियों तक पेंशन का लाभ पहुंचे, इसके लिए वे पूरी तरह कटिबद्ध हैं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि पात्र लोगों को इस योजना से वंचित न रखा जाए। जनपद अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि इस प्रकार के कार्यक्रम सभी पंचायतों में आयोजित हों, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ वास्तव में जन-जन तक पहुंच सके। इस अवसर पर भूपेंद्र दीवान जनपद सदस्य, एडिशन ठाकुर रामलाल सिन्हा पूर्व सरपंच खल्लारी, रिंकू चेतन चंद्राकर पूर्व सरपंच म क बाहरा, भानमती ध्रुव सरपंच सिर्रीपठारीमुडा, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, मुबारक अली, समाज शिक्षा संगठक मानसिंह बरिहा, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी लखनलाल साहू सहित ग्राम पंचायत घुचापालीकला, हरनादादर और बागबाहराकला के सचिवगण उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने डोंगरीपाली पंचायत का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीपाली में शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में हुए कार्यों का जायजा लिया और प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से मुलाक़ात की।

वहीं, हाल ही में पंचायत में हुए भौतिक सत्यापन की जांच रिपोर्ट शिकायतकर्ता को उपलब्ध नहीं कराए जाने पर शिकायतकर्ता एमडी सागर ने सीईओ के समक्ष इस संबंध में आपत्ति करते हुए कहा कि उन्हें लगातार जनपद अधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन के लिए घुमाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पारदर्शिता के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जबकि जांच रिपोर्ट उन्हें नहीं दी जा रही।

इस पर जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तत्काल शिकायतकर्ता को जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले ही जांच



अधिकारी रामनारायण पटेल, गुलाब प्रसाद सामल, डीएल बरिहा और जसवंत सिंह पैकरा द्वारा पंचायत में भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि पंचायत सचिव द्वारा करीब 60 लाख रुपये के बिल प्रस्तुत किए गए, जबकि लगभग 2 करोड़ रुपये के बिल का कोई दस्तावेज मौजूद नहीं है। इतना ही नहीं, साहू इंटरप्राइजेज को किए गए भुगतानों से संबंधित कोई बिल या वाउचर भी उपलब्ध नहीं है। जिसका जांच की गई, किंतु जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता को जांच प्रतिवेदन नहीं दिया जा रहा है।

### बिहाझर–गांजर–रेवा मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए खल्लारी विधायक ने वित्त मंत्री को पत्र लिखा

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक



द्वारिकाधीश यादव ने क्षेत्र के महत्वपूर्ण बिहाझर–गांजर–रेवा मार्ग के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखा है। विधायक यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस मार्ग का चौड़ीकरण, मजबूती करण एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य के लिए 3300 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हो चुका है, लेकिन अभी तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। इसी कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के अधूरे रहने से क्षेत्र के ग्रामीणों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की जर्जर स्थिति के चलते आवागमन बाधित है और लोगों में जन आक्रोश भी बढ़ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में विधायक ने वित्त मंत्री से निवेदन किया है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति शीघ्र जारी करने हेतु समुचित दिशा–निर्देश प्रदान किए जाएं, ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ होकर क्षेत्र के ग्रामीणों को राहत मिल सके। वहीं चर्चा के दौरान विधायक यादव ने उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं होने पर दशहरा के पश्चात ग्रामीणों के साथ मिलकर उक्त मार्ग के लिए आंदोलन की बात कही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लाटादादर के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत एवं एक घायल हो गया। पुलिस ने 25 सितम्बर को मामला दर्ज किया है। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 12 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 3 बजे परसराम साहू एवं कृष्ण कुमार यादव अपने गांव कच्छाएरडीह से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एमएन 7829 में बैठकर निजी कार्य से सरायपाली जा रहे थे। ग्राम लाटादादर के पास एनएच 53 रोड के पास पेशाब करने रूके थे। फिर मोटर सायकल को चालू कर आगे बढ ही रहे थे कि लेन बदल कर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जी वाई 3530 के चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल ठोकर मार दिया, जिससे मोटर सायकल चालक परसराम साहू की मौत हो गई। वहीं कृष्ण कुमार घायल हो गया। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए)106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए अभिषेक

**महासमुंद।** शहर के युवा समाज सेवी के सामाजिक



कार्यों को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मार्गदर्शन निर्देशानुसार एवं सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी की अनुशंसा पर सर्व ब्राह्मण युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने युवा समाजसेवी अभिषेक पाण्डेय को राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के महासमुंद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर उनके शुभचिंतक एवं समाज के वरिष्ठजनों ने हर्ष जताया है।

### पंडालों में पहुंचकर साहू ने की मां दुर्गा की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** नवरात्रि का पांचवें दिन विधानसभा क्षेत्र विभिन्न ग्राम जोबा, गडसिवनी, पीढ़ी, मोहकम, खरसा, सेनकपाट, सिरपुर, ख़मतराई, मरौद, केरियाडीह के पंडालो में पहुंचकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने पूजा अर्चना की। साहू ने कहा कि कार्तिकेय ने अपनी मां की दी हुई शिक्षा और अपने पराक्रम से तारकासुर का वध किया। इस प्रकार उन्होंने तीनों लोकों को उसके अत्याचार से मुक्त कराया।




# निकाली गई कुष्ठ जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा




राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट्स गाइड्स संघ बागबाहरा एवं स्वास्थ्य विभाग बागबाहरा की ओर से ग्राम नर्रा में कुष्ठ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बरसते पानी में गांव के गलियों में चौक-चौराहों पर हम सब ने यह ठाना है, कुष्ठ रोग मिटाना है, जैसे कुष्ठ संबंधी नारा लगाते हुए पंपलेट बांटे। स्वास्थ्य विभाग एवं स्काउट गाइड टीम का मुख्य उद्देश्य रैली के माध्यम से लोगों में कुष्ठ के प्रति जागरूकता लाना है। शरीर के किसी भी भाग में शरीर के रंग से अलग तेलिया तामिया दाग जिसमें सुन्नपन हो, हाथ या पैर में झुनझुनी एवं अचानक से कमजोर हो जाना, आंख का पलक बंद न होना, कान में गठान कुष्ठ रोग के मुख्य लक्षण हैं। अगर इनमें से कुछ भी लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें एवं सत्यापित होने पर इलाज पूर्ण कराने का सलाह दिया गया। कुष्ठ का इलाज सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्काउट गाइड जिला उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, स्काउट्स गाइड्स संघ बागबाहरा उपाध्यक्ष द्वय राजेश सोनी, श्याम चंद्राकर, सम्मनित सदस्य लोकेश्वर चंद्राकर, कोमाखान से अरुण शुक्ला, पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर, वरिष्ठ स्काउटर अरुण कोसे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान प्रभारी मोनिका चंद्राकर, स्काउटर व्यास नारायण बंजारे, मनोज दीवान, गगन तोडेकर सतीश देवांगन, गाइडर वीणा साहू, उषा किरण ठाकुर, भगवतीन निराला, शासकीय कुलदीप निगम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य भूपेंद्र पढ़ियार, व्याख्याता दुर्गेश चंद्राकर, कांता प्रसाद साहू, रतनलाल कोसरे, अरविंद ठाकुर, नीलिमा भोई, स्वास्थ्य सेक्टर पर्यवेक्षक सोनिका दास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के आरएचओ डिलेश्वरी परमार, डिगेंद्र परमार एवं बड़ी संख्या में बच्चे सहित वीर शिवाजी ओपन क्रू रोवर, रेजर टीम उपस्थित रहे।







